2 0 1 8

HINDI

(Major)

Paper : 3.2

(Bharatiya Kavyashastra)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) अलंकार सम्प्रदाय के प्रवर्तक कौन हैं?

(ख) 'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्'—यह किसका काव्य-लक्षण है?

(ग) लक्षणा शब्द-शक्ति का एक उदाहरण दीजिए।

(घ) "रमणीयार्थ प्रतिपादकः शब्दः काव्यम्।" यह किसका कथन है?

(ङ) "रसौ वै सः"—यह कथन किस उपनिषद् से आया है?

(च) रस कितने प्रकार के होते हैं?

(छ) श्रृंगार रस का स्थायी भाव क्या है?

(ज) संचारी भावों की संख्या कितनी है?

(झ) दोहा छंद में कितनी मात्रा होती है?

(ञ) "रीतिरात्मा काव्यस्य।" यह किसकी उक्ति है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) काव्य गुण किसे कहते हैं? इसके दो भेदों का उल्लेख कीजिए।

(ख) भरतमुनि के रससूत्र का उल्लेख कीजिए।

(ग) काव्य में अलंकार का क्या स्थान है?

(घ) उदाहरण सहित ध्वनि के दो भेदों का उल्लेख कीजिए।

(ङ) रसनिष्पत्ति संबंधी दो आचार्यों का नामोल्लेख कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 5×4=20

(क) काव्यहेतुओं का उल्लेख करते हुए किसी एक काव्यहेतु का परिचय दीजिए।

(ख) आचार्य मम्मट के काव्य-प्रयोजनों पर संक्षेप में विवेचना कीजिए।

(ग) काव्य-दोष से आप क्या समझते हैं? किसी एक काव्य-दोष पर प्रकाश डालिए।

(घ) व्यंजना शब्द-शक्ति का संक्षेप में परिचय दीजिए।

(ङ) रस के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

(च) विप्रलम्भ शृंगार और करुण रस के अंतर को स्पष्ट कीजिए।

4. काव्य-लक्षण संबंधी संस्कृत तथा हिन्दी के प्रमुख मतों का विवेचन कीजिए। 10

अथवा

काव्य के प्रमुख भेदों पर संक्षेप में चर्चा कीजिए।

5. 'रस' के विविध अंगों का परिचय दीजिए। 10

अथवा

'साधारणीकरण' किसे कहते हैं? साधारणीकरण संबंधी किन्हीं दो विचारकों के मतों की समीक्षा कीजिए।

6. 'रीति' किसे कहते हैं? रीति सम्प्रदाय को आचार्य वामन की देन का मूल्यांकन कीजिए। 10

अथवा

'वक्रोक्ति' की परिभाषा देते हुए 'वक्रोक्ति सम्प्रदाय' का परिचय प्रस्तुत कीजिए।

7. उदाहरण एवं संघटना के साथ निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** अलंकारों का परिचय दीजिए : 5×2=10

उपमा ; यमक ; अनुप्रास ; अपह्नुति।

अथवा

उदाहरण एवं संघटना के साथ निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** छंदों का सम्यक् परिचय दीजिए : 5×2=10

दोहा ; सोरठा ; कुण्डलिया ; सवैया।

★★★